तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 29 सितंबर 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

13 नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत संचालित विकास कार्यों का लिया जायजा



14 बस्तर की जनता की आवश्यकता के लिए करें बेहतर काम : साव



## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय रामधुनी स्पर्धा का शुभारंभ

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम किलेपार में दो दिवसीय भव्य संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का शुभारंभ भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी के मुख्य आतथ्यि और किलेपार सरपंच दुष्यन्त मंडावी की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक ने रामधुनी प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों की महत्वता पर जोर दिया और कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में संस्कार और संस्कृति की भावना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश शोरी, जनपद सदस्य सुरुची चित्रकान्त सिन्हा, लखनपुरी सरपंच चंपा वट्टी, विधायक प्रतिनिधि हिरवेन्द साहू, महेंद्र नायक, ग्राम पटेल नरेंद्र ध्रुव, किरण ध्रुव एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण की करंट लगने से हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल में बड़गांव निवासी सनीराम गावड़े का 27 सितंबर को करेंट लगने से मौत हो गई। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक की मौत बिजली करंट से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया है। पुलिस करेंट कैसे लगा, कारण को पता लगाने में जुटी हुई है।

### गाँधी जयंती पर कबड्डी और वालीबाल स्पर्धा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल आश्रित ग्राम सलिहापारा तरहुल में आदर्श नवयुवक समिति के तत्वाधान में 1 से 2 अक्टूबर को दो दिवसीय राज्यस्तरीय कबड्डी एवं बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग प्रथम पुरुस्कार 10001 रूपए, द्वितीय 7001 रूपए, तृतीय 3001 रूपए एवं बॉलीबाल प्रथम पुरुस्कार 5001 रूपए, द्वितीय 3001 रूपए। बालिका वर्ग में प्रथम 4001 रूपए, द्वितीय 2001 रूपए रूपएं रखा गया है।

### निको कंपनी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कांकेर।** जायसवाल निको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, मेटाबोदेली चारगांव खदान द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। खदान व चारगांव के आसपास के विद्यालयों व बाजार प्रांगण की साफ-सफाई और एकल उपयोग प्लास्टिक को एकत्र कर निस्तारण किया गया। इस अभियान में सभी के साथ स्वच्छता ही सेवा का शपथ लिया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियो व महिलाओं के सहभागिता से पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता के साथ-साथ स्वच्छता रैली, गीत व भाषण के माध्यम से ग्रामीणो को स्वच्छता का संदेश देकर जागरूक किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में मात्र दो एबुंलेस, ग्रामीणों को नहीं मिल रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में एक 108 एंबुलेंस और एक 102 वाहन उपलब्ध है। इन वाहनों के चालकों के मुख्यालय में रहने के लिए सरकारी आवास की व्यवस्था नहीं है। वाहन चालकों को आपात परिस्थितियों में आने के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ती है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड के अंतर्गत 93 ग्राम पंचायतों के करीब पौने दो लाख ग्रामीण स्वास्थ्य जांच करवाने और मरीजों की बीमारियों का उपचार करवाने आते हैं। लेकिन इतने बड़े स्वास्थ्य केंद्र में महज दो एंबुलेंस वाहन हैं। दोनों ही एंबुलेंस हमेशा व्यस्त रहते हैं। इस बीच किसी मरीज को हायर सेंटर रेफर करना हो अथवा किसी गर्भवती महिला या फिर गंभीर घायल को तुरंत बकावंड पहुंचाना हो तो घंटों इंतजार करना पड़ता है। ऐसे हालात में पीड़ितों की जान पर बन आती है। जबकि यहां पर हर महीने 200 महिलाएं बच्चों को जन्म देती हैं। 102 का एंबुलेंस एक वाहन होने से सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं को उठानी पड़ती है।

कई बार जच्चा बच्चा दोनों की जान पर भी खतरा रहता है। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने कहा कि बकावंड ब्लॉक की आबादी 1 लाख 70 हजार है। इस लिहाज से यहां 108 एंबुलेंस वाहन कम से कम 3 होना चाहिए और 102 एंबुलेंस वाहन भी 3 होना चाहिए। एंबुलेंस 108 और 102 वाहन चालक कैलाश ठाकुर व छबिलाल हरीश ने कहा कि बकावंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक एक वाहन होने के कारण और शासकीय आवास न होने से हमें काफी परेशानी होती है।

**खास बातें**
- पौने 2 लाख की आबादी में 6 वाहन होना चाहिए
- चालकों को रहने के लिए ब्लाक मुख्यालय में आवास नहीं, आपातकाल में होती है परेशानी




**सांसद से किया है आग्रह**

एंबुलेंस के संबंध में हमने सांसद से निवेदन किया है उन्होंने अतिशीघ्र इसका निराकरण का आश्वासन दिया है।

डॉ. हरीश मरकाम, बीएमओ, बकावंड

## विकास : केशकाल घाट के लिए अलग बायपास निर्माण की स्वीकृति

# बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों का बिछेगा जाल : साव


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर।

बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चमचमाती सड़कों का जाल बिछेगा अतिसंवेदनशील नक्सल क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। ताकि उस इलाके का तेजी से विकास हो सके। लोक निर्माण विभाग की बैठक में एक-एक कार्यो की समीक्षा की गई।

- अमेरिकी तकनीक का किया जा रहा अध्ययन, आवागमन में न हो असुविधा

यह बातें उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सर्किट हाउस में शनिवार को प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने बस्तर की सबसे गम्भीर समस्या केशकाल घाट को लेकर बयान देते कहा कि घाट में जाम से मुक्ति पाने घाट से सटे एक बायपास सड़क निर्माण के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई है, जिसका डीपीआर भारत सरकार को भेजा गया है।

जहां से स्वीकृत मिलते ही बायपास सड़क का निर्माण शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया केशकाल घाट की सड़कों का चौड़ीकरण कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। 1500 करोड़ की लागत से धमतरी से जगदलपुर फोर लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। साथ ही घाट की सड़क को दुरस्त करने व घाट से सटे एक बायपास सड़क का प्रस्ताव परियोजना में सम्मलित है। पत्रकारों के सवाल पर कहा कि अमेरिका दौरे के बाद वहां की सड़कों की तकनीक का अध्ययन किया जा रहा है। छग में अमेरिकी तकनीक का उपयोग कैसे किया जा सकता है अधिकारी इस पर काम कर रहे है। ताकि आने वाले समय मे छग और बस्तर में भी अमेरिका की तर्ज पर सड़को का निर्माण किया जा सके। अमेरिकी तकनीक का अध्ययन किया जा रहा है, लोगों को आवागमन में किसी प्रकार का असुविधा न हो इस पर फोकस किया जा रहा है। पत्रकारों ने बारिश और बाढ़ के समय बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर में अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सड़क के अभाव में घाट से कई किमी पैदल चलकर अस्पताल लाए जाने की समस्या कब तक दूर होगी पर कहा कि उन्ही विषयों को लेकर आज समीक्षा की गई। उन्होंने बताया भारत सरकार और राज्य सरकार की मंशा है कि बस्तर के सुदूर क्षेत्रो में सड़कों का जाल बिछे इस पर कार्य किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में लोक निर्माण विभाग के केंद्रीय सचिव, कलेक्टर हरीश एस, एसपी शलभ सिन्हा उपस्थित थे।



**बीजापुर, पटनम, नारायणपुर से कस्तूरमेटा तक आरआर**

लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने बताया आज जगदलपुर में हुई लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में कोंडागांव से नारायणपुर और कस्तूरमेटा राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण, जगदलपुर से बीजापुर और भोपालपटनम तक सड़क, सुकमा से जगरगुंडा को अरनपुर से जोड़कर बैलाडीला तक, जगरगुंडा से सिलगेर, बीजापुर से धर्मावरम, धर्मावरम से पामेड़ तक सड़कों का डामरीकरण किया जाएगा। धर्मावरम से पूर्वती इलाके में विकास कार्य को बढ़ावा तक आवागमन के संसाधन विकसित करने पर भारत सरकार और राज्य सरकार गम्भीरता से कार्य करने पर फोकस किया गया है।

## हटाए गए 50 गार्डों की बहाली की मांग कांग्रेस अध्यक्ष ने की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य मेडिकल कॉलेज डिमरापाल पहुंच नौकरी से निकाले गए 50 से ज्यादा गार्डो से मिलकर कंपनी के संचालक से चर्चा कर गार्डो को पुनः रखने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में लंबे समय से कार्यरत लगभग 50 से 60 गार्ड को नई कंपनी बीआईएस ने नौकरी से निकाल दिया है और इनकी जगह नए लोगों की भर्ती की जा रही है। जो गार्डो के साथ गलत और छलावा है। काम से निकाल देने पर परिवार के सामने रोजी-रोटी की समस्या आन पड़ी है। ये सभी लंबे समय से काम कर रहे थे।

- नई कम्पनी के बाहरी लोगों को रखना गलत, लंबे समय से कार्यरत गार्डो को मिलनी चाहिए प्राथमिकता


नई कम्पनी का बाहरी लोगों को रखना गलत है, लंबे समय से कार्यरत गार्डो को पहली प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने बीआईएस कंपनी की प्रबंधक से चर्चा कर समस्त गार्डो को पुनः रखने की मांग की है। अगर ऐसा नहीं होता है तो कंपनी के विरुद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान पूर्व प्रवक्ता एनएसयूआई उस्मान रज़ा सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

## गिरफ्तार 6 गांजा तस्करों में दो अपचारी बालक शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण के मार्गदर्शन में थाना कोंटा क्षेत्र में गांजा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। लगभग 44 किलोग्राम गांजा जिसकी कीमत 4.40 लाख के साथ 6 आरोपी व 2 विधि से संघर्षरत बालकों को कोंटा पुलिस ने शुक्रवार शाम को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ओड़िशा से गांजा लेकर बस से कोंटा से आंध्रा की ओर जा रहे थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तस्कर ओड़िशा से गांजा लेकर हैदराबाद दिल्ली की ओर जा रहे थे। आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है। आरोपियों में भाबेन मण्डल पिता हरी मण्डल उम्र 21 वर्ष मलकानगिरी, कपिल उर्फ ऋतिक मल्होत्रा पिता दामोदर मल्होत्रा उम्र 21 वर्ष रोहिणी सेक्टर 22 दिल्ली, गोविन्द बच्चाड़ पिता सुकूमार बच्चाड़ उम्र 20 वर्ष निवासी कालीमेला मलकानगिरी, अविनाश पिता जसवंत कुमार उम्र 19 वर्ष रोहिणी सेक्टर 22 दिल्ली, सागर पिता जयसिंह उम्र 18 वर्ष रोहिणी सेक्टर 22 दिल्ली, चिंटू माड़ी पिता बिज्जू माड़ी उम्र 18 वर्ष मलकानगिरी ओड़िशा के साथ 2 विधि से संघर्षरत बालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

- ओडिशा से गांजा लेकर हैदराबाद दिल्ली की ओर जा रहे थे



## कलेक्टर पहुंचे माओवाद प्रभावित क्षेत्र जगरगुंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कलेक्टर देवेश कुमार धुरव ने माओवाद प्रभावित संवेदनशील क्षेत्र जगरगुण्डा का शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय उप स्वास्थ्य केंद्र जगरगुण्डा पहुंच स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत कर आवश्यक निर्देश दिए और क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। इस दौरान कलेक्टर ने माओवाद प्रभावित क्षेत्र की चुनौतियों का भी आकलन किया और क्षेत्र में सुरक्षा के साथ-साथ विकास कार्योर् को गति देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## भौतिक सत्यापन नहीं कराने पर 32 स्कूल बस होंगे ब्लैक लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के गाईड लाईन अनुसार समस्त उपकरणें स्पीड लिमिट डिवाईस, व्हीएलटी डिवाईस लगाकर स्कूलीय बसों का भौतिक निरीक्षण किए जाने का नोटिस स्कूल प्रबंधन को दिया गया था, जिसमें 58 स्कूल बस पहुंचे और 32 स्कूल बस नहीं पहुंचे। इस पर आरटीओ ने ऐसे स्कूल संचालकों को नोटिस दिया कि शीघ्र ही कार्यालय में पहुंच कर स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण कराएं और साथ ही बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ नहीं करें। भौतिक निरीक्षण नहीं कराने वाले स्कूल बसों का ब्लैक लिस्ट में करने की तैयारी की जा रही है। ब्लैक लिस्ट में होने पर बसों का पंजीयन निरस्त किया जाएगा। इसलिए स्कूल बसों में परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण, स्पीड लिमिट डिवाईस, व्हीएलटी डिवाईस, पेनिक बटन एवं खिड़की में जाली, चालक, परिचालक का मोबाईल नम्बर होना चाहिए।

- आरटीओ ने स्कूल प्रबंधन को दिया नोटिस, शीघ्र भौतिक निरीक्षण कराएं



**स्कूली बसों पर करें सख्ती**

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि निर्देश दिया कि उड़नदस्ता प्रभारी स्कूल बसों पर जांच कर सख्ती किया जाए। जिससे परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वालों को ब्लैक लिस्ट में रखा जाए।

## दरभा डिविजन अंतर्गत मलांगेर एरिया कमेटी में था सक्रिय

# 2 लाख के इनामी माओवादी ने हिंसा छोड़ी व किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शासन की पुनर्वास नीति के तहत जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए संपर्क एवं संवाद कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नक्सलियों के शोषण, हिंसा, आंतरिक मतभेद और जंगलों में रहने की कठिनाईयों से तंग आकर 2 लाख का ईनामी माओवादी मलांगेर एरिया कमेटी अन्तर्गत कार्यरत प्लाटून नम्बर 24 सदस्य कुरामी कोसा पिता कुरामी नंगा उम्र 20 वर्ष निवासी पोरदेम थाना गादीरास जिला सुकमा ने आत्मसमर्पण किया है। शनिवार को पुलिस उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ राकेश कुमार, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, द्वितीय कमान अधिकारी अनिल कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला व रामकुमार बर्मन एवं विमल कुमार सहायक कमाण्डेन्ट के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित माओवादी वर्ष 2023 में गोगुण्डा के जंगल/पहाड़ी पर पुलिस पार्टी के साथ हुये मुठभेड़ में शामिल था जिसमें 2 महिला नक्सली मारे गये थे। 2023 में गंगालूर एरिया कमेटी के ग्राम डोडीतुमार से डुमरीपालनार जाने वाले पगडंडी रास्ते पर 2 अलग-अलग जगहों पर क्लेमोर बम लगाने की घटना में शामिल था। 2024 में पामेड़ एरिया कमेटी के ग्राम धर्मावारम से पालागुडेम़ जाने वाले मार्ग पर बीच जंगल में एम्बुश लगाकर फायरिंग करने की घटना में शामिल था जिसमें 2 नक्सली मारे गये थे। आत्मसमर्पण कराने में सीआरपीएफ आरएफटी दन्तेवाड़ा का विशेष योगदान रहा।




**कुल 873 नक्सलियों ने किया समर्पण :** बताया गया कि लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 198 ईनामी सहित 873 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

## नियद नेल्लानार से प्रभावित 4 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**कोंटा।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन, पुनर्वास नीति एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर 4 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। संगठन में सक्रिय माड़वी भीमा पिता लालू डीएकेएमएस सदस्य निवासी पूवर्ती मिसीपारा, माड़वी सुक्का पिता हिड़मा डीएकेएमएस सदस्य निवासी पूवर्ती बण्डीपारा, कवासी बुधरा पिता आयतु डीएकेएमएस सदस्य निवासी पूवर्ती बण्डीपारा, कुंजाम मुया पिता कुंजाम जोगा ग्राम पूवर्ती डीएकेएमएस सदस्य निवासी पूवर्ती मिसीपारा थाना जगरगुण्ड़ा के द्वारा नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में बिना हथियार के आत्मसमर्पण किए। इन नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में थाना जगरगुण्ड़ा पुलिस, 150 वाहिनी सीआरपीएफ एवं 201 वाहिनी कोबरा का विशेष योगदान रहा। प्रतिबंधित नक्सल संगठन में जुड़कर विभिन्न नक्सली गतिविधियों पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, आने-जाने वाले मागोंर् पर स्पाईक बम लगाना, मुख्य मागोंर् को खोदकर अवरूद्ध करना, बेनर, नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाने एवं अन्य घटनाओं में शामिल थे। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय कराये जायेंगे।



**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 1 को सम्मान समारोह

**कोण्डागांव।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 01 अक्टूबर 2024 को कोण्डागांव ऑडिटोरियम में मनाया जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ नगारिकों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें कुर्सी दौड़, मटका फोड़, निंबू दौड़ रस्सा कस्सी एवं कविता, गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल है। इसके साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जायेगा, जिसमें अतिवृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवणयंत्र प्रदाय किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले वरिष्ठ नागरिक अपना पंजीयन दिनांक 01 अक्टूबर को प्रातः 10.00 बजे अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कोण्डागांव सुश्री लता उसेण्डी के द्वारा 03:00 बजे वृद्धजनों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

### विश्व हृदय दिवस पर हुई चित्रकला स्पर्धा

**फरसगाँव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव के स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व हृदय दिवस को लेकर 28 सितम्बर शनिवार को फरसगाँव नगर के कन्या हाई स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया।इस दौरान बीएमओ डॉ जोयतिर्मयी प्रभावती ने छात्राओं हृदय रोग के बारे में बताया ।साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्राओं को पुरुस्कृत भी किया गया। इस दौरान अस्पताल के अन्य स्टाप और कन्या हाई स्कूल की शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्तिथ रहे।

### प्लेसमेंट कैम्प 30 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 30 सितम्बर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के कमरा नंबर 45 में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 520 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

### शारदीय नवरात्रि 3 अक्टूबर से

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष देव पंचांग के अनुसार 2 अक्टूबर को सर्वपैत्री अमावस्या पितरखेदा एवं 3 अक्टूबर गुरुवार से शारदीय नवरात्रि आरंभ हो रही है। नवरात्रि पर तृतीया तिथि दो होने के कारण नतपंचमी 8 अक्टूबर को मनाई जायेगी। 11 अक्टूबर शुक्रवार को महाष्टमी दुर्गा हवन होगा। 12 अक्टूबर शनिवार को महानवमी एवं विजयादशमी दशहरा पर्व मनाया जायेगा। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी।

### दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन 15 को

**कुरुद।** दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति, दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ एवं जनसेवा संस्था बलियारा के सहयोग से विवाह योग्य दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन धमतरी के सामुदायिक भवन बिलाईमाता मंदिर के पास 15 अक्टूबर मंगलवार को 10 बजे से किया गया है। इसके लिए दिव्यांग होने का मेडिकल प्रमाण पत्र, आधारकार्ड और दो फोटो लाना होगा।

# रासेयो स्वयं सेवकों ने रैली निकाली, कचरे को किया इकट्ठा व स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राज्य रासेयो अधिकारी के आदेशानुसार तथा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर कार्यक्रम समन्वयक डॉ.डी.एल.पटेल एवं जिला संगठक जिला कोण्डागाँव के शशिभूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन मेंद्यभारत वर्ष में शुरूवात हुए स्वच्छ भारत अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 28 सितंबर को उच्चतर बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों एवं एथनिक के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी निभाते हुए धनकुल एथनिक रिसोर्ट कोण्डागाँव के आस–पास में स्वच्छता ही सेवा रैली निकालकर साथ ही यत्र तत्र पडे. प्लास्टिक की थैली, अपशिष्ट कचरा को एकत्रि तकर नगरपालिका के वाहन में डालकर कर स्वच्छ भारत का संदेश दिया। अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ–साथ अपने घर से शुरू करने स्वच्छता को अपने संस्कारों में करे शामिल – प्राचार्य एन.के.नायक, राजेश पाण्डेय, तथा आर.एस.दुबे, कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर नेताम, एन.सी.सी. अधिकारी अभिलाष निषाद के दिशानिर्देश में स्वयंसेवकों को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने स्वच्छता की शुरुआत अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ–साथ अपने घर से शुरू करने स्वच्छता को अपने संस्कारों में शामिल करने एवं स्वभाव में शामिल करने व अपने विद्यालय के साथ–साथ घर गांव मोहल्ले में भी स्वच्छता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर इनका योगदान महत्वपूर्ण रहा जिसमे मनीष वट्टी, लोकेश देवांगन, दिनेश, संतोष नेताम, सूरज पोयाम ,सोनु सोरी, बैजन सोरी, शैलेश, रोशन नाग, कामेश्वर, मानव देवांगन, यश देवॉगन आदि

## कच्चे मकान में दो बेटों के साथ रहना था कष्टप्रद

# पीएम आवास से पूरन दास की जिंदगी में नए प्रभात ली अंगड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





जिले के ग्राम दहीकोंगा के रहने वाले पूरन दास मानिकपुरी का जीवन गरीबी के संघर्ष से शुरू हुआ है, लेकिन आज सरकार की जनकल्याणकारी योजना से उनकी स्थिति में सुधार आया है। कच्चे मकान में अपने दो बेटों के साथ रहने वाले पूरन दास के लिए जगह की कमी के कारण जीवनयापन में संघर्ष करना पड़ रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जब से उनके परिवार को पक्का मकान मिला है तबसे जीवनयापन आसान हुई है।

जीविकोपार्जन के लिए मजदूरी ही सहारा एकमात्र – पूरन दास के पास ज़मीन के नाम पर सिर्फ 5 डिसमिल का छोटा सा टुकड़ा है, जिसके एक तरफ आवास योजना के तहत बना पक्का घर है और खाली जगह को बाड़ी के लिए इस्तेमाल करते हैं, जहां बरसात में दलहनी फसल लेते हैं। पूरन दास के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा अपनी दादी पतीबाई और अपनी पत्नी एक बेटे के साथ रहता है, जबकि छोटा बेटा अपनी पत्नी और पूरन दास और माँ के साथ रहता है। इन दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति हमेशा तंग रही है क्योंकि खेती के लिए उनके पास ज़मीन नहीं है। ऐसे में जीविकोपार्जन के लिए मजदूरी ही एकमात्र सहारा है।

दो परिवारों को पक्का मकान मिला – पूरन दास के बेटों के शादी से पहले यह परिवार एक साथ एक कच्चे और छोटे से घर में रहते थे पर जब दोनों बेटों की शादी हो गई तो उन्हें अलग होना पड़ा क्योंकि रहने के लिए पर्याप्त जगह नहीं था। अब इस परिवार को एक नया संघर्ष से जूझना पड़ा वह था एक घर। ऐसे परिस्थिति में एक दिन उनके लिए राहत की किरण तब आई जब पूरन दास और उनकी माता पतीबाई का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल हुआ। यह खबर उनके लिए मानो धूप में छांव मिलने जैसा था। दोनों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिला और उनके जीवन में एक नया अध्याय शुरू हुआ। पूरन दास और उनका परिवार अब एक पक्के घर में रहते हैं। पूरन दास की माता पतीबाई, जो अपने बड़े नाती के साथ रहती हैं, उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। अब उनका नाती अपने घर को चलाने के लिए नए उत्साह के साथ मेहनत करते वह आसपास के बाजारों से वनोपज, धान आदि की खरीदारी करते हैं और इसी से उनका घर चलता है।

लाखों गरीब परिवारों की कहानी है, जिन्हें आवास योजना के माध्यम से एक नई जिंदगी मिली है – प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले घर ने न सिर्फ उन्हें एक सुरक्षित एवं स्थायी स्थान दिया, बल्कि आत्मसम्मान की भावना भी लौटाई है। स्वयं का एक पक्के घर का होना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। यह घर उनके संघर्षों का अंत नहीं, बल्कि नई आशाओं का आरंभ है। पूरन दास की कहानी सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उन लाखों गरीब परिवारों की कहानी है, जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से एक नई जिंदगी मिली है। यह योजना उनके लिए सिर्फ एक घर नहीं बल्कि जीवन की बुनियादी




# दीवार लेखन कर रासेयो ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत सरकार खेल व युवा कल्याण मन्त्रलय द्वारा स्वछता अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर, डॉ डी एल पटेल जिला संगठक शशि भूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जैतपुरी द्वारा गोद ग्राम की दीवार में स्वच्छता स्लोगन नारा लिखकर ग्रामवासियों में जागरूकता लाने का लगातार प्रयास कर रहे है।

कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी ने बताया की जैतपुरी एन एस एस इकाई दिनांक 17 सितम्बर से लगातार प्लास्टिक उन्मूलन रैली स्वच्छता अभियान चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता दीवार लेखन कर स्वच्छता ही सेवा अभियान में भागीदारी निभाई जा रही है।

## एक ही रात 10 दुकानों के ताले टूटे चार दुकानों से नकद और सामान पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

अज्ञात चोरों ने 27 सितंबर की अलसुबह 3 से 5 बजे के बीच लगभग 10 दुकानों के शटर को तोड़ा। चार दुकानों के अंदर घुसकर गल्ले में रखे पैसों और सामान की चोरी की है। जनपद सदस्य जागेंद्र साहू की चित्रा फोटो एवं स्टेशनरी मार्ट में दुकान के बाहर और अंदर लगे सीसी टीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर चोरी की है। श्याम होटल रुद्री में शटर तोड़कर गल्ले में रखे 3 हजार रुपए के चिल्हर, नरेंद्र आटो सेंटर से लगभग 12 हजार रुपए नकद, नित्या फोटोकॉपी जनरल स्टोर्स से 5 हजार रुपए के सिगरेट, गुटखा की चोरी की गई है। चोरों की इस करतूत से रुद्री चौकवासियों में भारी रोष है। बताया जाता है कि रुद्री चौक में पूर्व में भी कई बार चोरी हो चुकी है जिसकी शिकायत रुद्री चौक के व्यापारियों द्वारा की गई है लेकिन अज्ञात चोर नहीं पकड़े जाते हैं।

# गांधी मैदान में अधिकारी-कर्मचारियों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी




चार सूत्रीय लंबित मांग के क्रमबद्ध आंदोलन में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ अधिकारी, कर्मचारी फेडरेशन ने गांधी मैदान में आवाज बुलंद की है। फेडरेशन के नेताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारियों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि उनकी लंबित मांगें पूर्ण नहीं हुईं तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगा।

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी के बैनरतले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। फेडरेशन के नेताओं ने गांधी मैदान में अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि फेडरेशन चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। प्रथम चरण के आंदोलन में 6 अगस्त को मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। 30 अगस्त को दूसरे चरण में सांसद, विधायकों को ज्ञापन सौंपा गया। तीसरे चरण में शुक्रवार को अवकाश लेकर अधिकारी, कर्मचारी धरना-प्रदर्शन पर बैठे हैं। अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो चौथे चरण में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

फेडरेशन की मांग है कि भाजपा के घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र के समान 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए। जुलाई 2024 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों की एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। प्रदेश के शासकीय सेवकों को 4 स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। केन्द्र सरकार के समान गृह भाड़ा भत्ता प्रदान किया जाना चाहिए। मध्यप्रदेश सरकार की तरह शासकीय कर्मचारी, अधिकारी को अर्जित अवकाश नगदीकरण, 240 दिवस के स्थान पर 300 दिवस किया जाए। धरना - प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि फेडरेशन में 112 मान्यता एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठनों का प्रतिनिधि संगठन है। बावजूद उनकी मांगें पूर्ण नहीं की जाती तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगा। धरना प्रदर्शन में फेडरेशन के जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर, जिला महासचिव लक्ष्मण राव मगर, संरक्षक मुकेश पांडे, पुरूषोत्तम निषाद, डोमार ध्रुव, दीपचंद भारती, हुमन लाल चंद्राकर, पीआर नागवंशी, योगेन्द्र सिन्हा, खुमान सिंह ठाकुर, महेन्द्र साहू ने सरकार के रवैये पर नाराजगी जाहिर की और मांगों को शीघ्र पूर्ण करने की आवाज उठाई।

## पढ़ाई कर रही छात्रा को सांप ने काटा

**धमतरी।** घर में पढ़ाई कर रही एक छात्रा को जहरीले सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर छात्रा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



परिजनों के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ाराव निवासी सरस्वती ध्रुव पिता नरेश उम्र 23 वर्ष कालेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। छात्रा गांव के स्कूल में वैकल्पिक शिक्षिका के रूप में भी सेवा दे रही है। गुरुवार की रात्रि छात्रा अपने घर में जमीन पर चटाई बिछाकर पढ़ाई कर रही थी। उक्त मकान पक्का है लेकिन जमीन में फ्लोरिंग का कार्य नहीं हुआ है। इस कारण जमीन में बिल भी हो गया है। पढ़ाई करने में व्यस्त छात्रा को अज्ञात सांप काटकर बिल में चला गया। छात्रा सांप को नहीं देख पाई लेकिन उसे काटे जाने का अहसास हुआ। परिजनों को जानकारी देने पर बिच्छू डंक के अंदेशा के चलते छात्रा को गांव में झाड़ फूंक कराने ले गए। कुछ देर ठीक रहने के बाद छात्रा की हालत बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल छात्रा को मगरलोड अस्पताल ले गए। वहां से रिफर किए जाने पर छात्रा को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्रा को आईसीयू वार्ड में एडमिट कर तुरंत उपचार शुरु किया गया।

**बिजनेस साइट**

# महादेवा किआ द्वारा जगदलपुर में भव्य लॉन्च



**जगदलपुर।** बस्तर (छ.ग.): महादेवा किआ द्वारा आज शहर में बहुप्रतीक्षित KIA कैरेंस ग्रेविटी एडिशन का शानदार लॉन्च किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में महादेवा किआ के सीईओ श्री अमरीश शर्मा और ब्रांच मैनेजर श्री सुलभ शर्मा उपस्थित रहे, जिनके नेतृत्व में इस विशेष संस्करण का अनावरण किया गया। बैंक एवं वित्तीय टीम की भी उपस्थिति ने इस लॉन्च को और भी खास बना दिया।

इस मौके पर श्री अमरीश शर्मा ने कहा, ₹KIA कैरेंस ग्रेविटी एडिशन ग्राहकों की उम्मीदों से कहीं अधिक सुविधाएँ और आधुनिक तकनीक प्रदान करता है। इसका आकर्षक डिज़ाइन, आरामदायक इंटीरियर और उच्चतम सुरक्षा मानकों के साथ इसे हर परिवार के लिए एक बेहतरीन वाहन बनाता है।

### फीचर्स की खासियतः

**ड्यूल-टोन इंटीरियरः** जो आपको लक्जरी का अनुभव कराता है।

**6 एयरबैग्सः** जिससे आपके परिवार की सुरक्षा सर्वोच्च रहती है।

**टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टमः** आपकी मनोरंजन की हर जरूरत को पूरा करता है।

इस मौके पर उपस्थित जगदलपुर के लोगों ने वाहन की खूबियों को सराहा और इस लॉन्च पर अपनी खुशी व्यक्त की। लोगों ने कहा कि इस तरह का एडिशन उनके शहर में पहली बार देखने को मिला है, और इससे उन्हें गर्व महसूस हो रहा है कि किआ जैसे ब्रांड ने जगदलपुर को भी इस सूची में शामिल किया है। महादेवा किआ टीम इस सकारात्मक प्रतिक्रिया के लिए आभारी है और ग्राहकों को बेहतरीन सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# रासेयो स्वयंसेवक का जारी है लगातार स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव






राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय माकड़ी के स्वयंसेवकों द्वारा जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे एवम् कार्यक्रम अधिकारी चंद्रकांत जैन के मार्गदर्शन में 17 सितंबर 2024 से लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जो की 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत निरंतर जारी रहेगा।

सरकार द्वारा प्रदत्त स्वच्छता किट किया गया वितरण – 28 सितम्बर को स्वयंसेवकों के द्वारा माकड़ी के बस स्टैंड, स्कूल, ग्राम पंचायत, गली मोहल्ले, क्रीड़ा मैदान, स्वास्थ्य केंद्र जैसे विभिन्न जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाकर आसपास की साफ सफाई किया गया और साथ ही साथ भारत सरकार द्वारा प्रदत्त स्वच्छता किट जैसे माय भारत टोपी, पेन, दस्ताना एवं डायरी आदि का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी चंद्रकांत जैन ने बताया कि यह भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवम् खेल मंत्रलय तथा उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा चलाया जाने वाला बहुत ही अच्छा पहल है, जिसमे प्रदेश के प्रत्येक स्वयंसेवक भाग लेकर स्वच्छता अभियान में अपना अहम भूमिका निभा रहे हैं।

ये रहे उपस्थित – इस अवसर पर स्वयंसेवक महादल नायक, कु रोहिणी नाग बलिराम ज्ञानदीप दीपेंद्र टोमेश पुष्कर सिंह सुकरी नीलम त्रिलोचन उर्मिला टिकेश्वर एवं बड़ी संख्या में साथी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### जल जीवन मिशन पहुंचा नदी पार के गांव



**दंतेवाड़ा।** जिला दंतेवाड़ा के जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल स्वच्छता समिति मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिला जल स्वच्छता समिति के सचिव निखिल कंवर के मार्गदर्शन में गीदम विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पहुरनार के आश्रित ग्राम बड़ेकरका को उपसरपंच मनार नेताम द्वारा शत-प्रतिशत हर घर जल प्रमाणीकरण घोषित करते हुए सरपंच बुकड़ी अलाम, सचिव भुवनेश्वर, उपसरपंच को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित जल सभा कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक आईएसए शिल्पी शुक्ला द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराने, जल जीवन मिशन के तहत प्रदत्त पाईप लाईन, सोलर, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग, साथ ही ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने आग्रह किया गया।

### इच्छापुर में हुआ आयुर्विधा कार्यक्रम का आयोजन



**बस्तर।** आयुष विभाग संचालक आयुष एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी जगदलपुर के मार्गदर्शन में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला इच्छापुर में एक दिवसीय आयुर्विधा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ. हेमंत यादव के द्वारा योग प्राणायाम एवम ध्यान की जानकारी दी गई। डॉ. कविता राठिया के द्वारा बालिकाओं के पर्सनल हाइजिन और खून की कमी और उससे बचाव के उपाय बताए गए। डॉ . टीएस बढ़ई के द्वारा छात्र जीवन दिनचर्या की जानकारी दी गई। डॉ.एसआर पटनायक के द्वारा स्वस्थ वृत्त की जानकारी दी गयी। स्कूल स्टाफ प्राचार्य बनसिंग, मौर्य, लोकनाथ यादव, लेखित्रा कश्यप का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर आयुष स्टाफ गजेंद्र, घनश्याम, अनंत राम का सहयोग किया।इसमें कुल 165 बच्चे उपस्थित थे।

### भारतीय रेडक्रास प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू

**बीजापुर।** भारतीय रेडक्रास शाखा बीजापुर के प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में सीईओ सह जनरल सेक्रेटरी, भारतीय रेडक्रास सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर छ.ग. के अर्द्धशासकीय पत्र के अनुसार जिले के गणमान्य नागरिकों को सूचित किया जाता है कि प्रबंधन समिति के गठन की प्रक्रिया हेतु भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बीजापुर के आजीवन सदस्यों की सूची का प्रकाशन कार्यालय कलेक्टर जिला बीजापुर के सूचना पटल पर 28 सितम्बर 2024 को प्रकाशन किया जाएगा। यदि किसी भी सदस्य को आपत्ति हो तो 03 अक्टूबर 2024 तक सायं 05:30 बजे तक अपना दावा आपत्ति आवेदन मय सदस्यता रसीद सहित जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा आपत्ति मान्य नही होगा। 03 अक्टूबर के पश्चात प्राप्त आवेदन आपत्तियों का निराकरण कर आजीवन सदस्यों की अंतिम सूची का प्रकाशन 07 अक्टूबर 2024 तक किया जाएगा।

## सुदूर क्षेत्रों का कलेक्टर ने किया दौरा

# नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत संचालित विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार अन्तर्गत संचालित विकास कार्यों का जायजा लेने कांवड़गांव, हिरोली, पुसनार एवं गंगालूर पहुंचकर विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान हिरोली

■ निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश



कैम्प के समीप निर्माणधीन पुल, कांवड़गांव में निर्माणधीन पीडीएस गोदाम एवं पुसनार में निर्माणधीन आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान कांवड़गांव स्कूल के बच्चों से मिलकर उनकी पढ़ाई एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी शिक्षादूत से ली तथा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए चिकित्सा अधिकारी गंगालूर को आवश्यक निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते हुए अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्यकर्मी, डाक्टर, दवाईयों की उपलब्धता, मौसमी बीमारियों, मलेरिया इत्यादि के जांच एवं उपचार सहित अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ रखने के निर्देश दिए।

कन्या रेसीडेंसियल गंगालूर में बच्चों की पढ़ाई, भोजन व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन कर मच्छरों से बचाव हेतु खिड़कियों में जाली लगाने, परिसर को साफ-सुथरा रखने, मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता रखने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत रेड्डी के पीडीएस दुकान का निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों को दी जाने वाली खाद्यान के बारे में जानकारी ली एवं दुकान में रखे राशनकार्डो को हितग्राहियों को वापस करने के निर्देश दिए।

तहसील कार्यालय गंगालूर में प्राप्त सभी प्रकार के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश तहसीलदार को दिए। वहीं ग्राम पंचायत गंगालूर के मोदीपारा में स्थित आंगनबाड़ी का अवलोकन कर दर्ज बच्चों एवं हितग्राहियों की जानकारी ली।

इस दौरान उद्यान रोपणी केन्द्र पामलवाया का भी अवलोकन किया पामलवाया में क्रेडा के सोलर लाईट का सुधार करने के निर्देश दिए। पौधोत्पादन बढ़ाने, ग्राफ्टेड बैगन, टमाटर का उत्पादन सहित अधिक से अधिक रोजगार सृजित करने के लिए सहायक संचालक उद्यानिकी को निर्देश दिए।

इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विज्ञान सेमिनार में हर्षित ने मारी बाजी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच और नवाचारी दृष्टिकोण विकसित करने शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन सजेस बीजापुर में किया गया। इस सेमिनार में जिले के चारो विकासखंड से विजेता प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर शानदार प्रस्तुति दी।

जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान सेमीनार में 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कृत्रिम बुद्धिमता- सम्भावना और सरोकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- पोटेंसियल एन्ड कंसर्न विषय पर कक्षा 8 से 10 के छात्र छात्राओं के बीच सेमिनार में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीजापुर से के. हर्षित , नागमणी चापा, करिश्मा अवलम , भोपालपट्नम से अक्षित दादी, कुमकुम मरकेला, गणेश वाडला, भैरमगढ़ से निशा यादव, श्रेया पटेल, लता यादव, उसूर से प्रकाश पुजारी, एंजल झाड़ी और प्रतिका माड़वी ने कृत्रिम बुद्धिमता की संभावनाओं और सरोकार पर वैज्ञानिक तथ्यों को भाषा प्रवाह और दृश्यों के साथ प्रस्तुतीकरण दिया।

## बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता को जांचने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर ब्लॉक में जोन स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बहुभाषी शिक्षा के माध्यम से बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता को जांचना और शिक्षकों को अध्यापन कार्य में आ रही बाधा को कैसे दूर करना इस बैठक में आपसी चर्चा विमर्श करके सुलझाने का प्रयास के उद्देश्य से रखा गया था। नीव बहुभाषी कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक के सभी प्राथमिक शालाओं में बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राज्य द्वारा दिए गए एफ एल एन मिशन के अंतर्गत भाषा एवं गणित विषयों की बुनियादी कौशलों को प्राप्त करने हेतु ब्लॉक में महत्वपूर्ण है। एफ एल एन के अंतर्गत भाषा में भाषाई कौशल और गणित में गणित की संक्रियाएं जिसका लक्ष्य 2026 -27 रखा गया है। उक्त कार्यक्रम की निरंतरता के लिए मासिक जोन स्तरीय अकादमिक बैठक की आवश्यकता है। जहां पर संकुल अकादमिक समन्वयकों के नेतृत्व में संकुल के समस्त शिक्षक एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा संकुल स्तर के प्राथमिक शालाओं में किया जा रहे कक्षा कक्ष की शिक्षण प्रक्रिया एवं चुनौतियां को समझते एवं संवाद करते हुए कक्षा कक्ष में सीखने सिखाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद कर सकें। इस पूरी प्रक्रिया में संकुल अकादमी समन्वय एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के ब्लॉक प्रभारी/ ब्लॉक के एफ एल एन नोडल भी अकादमिक सहयोग के लिए उपस्थित थे। इसी परिपेक्ष्य में संकुल खड़का के हाई स्कूल मधोता में 8 संकुल जिसमें चपका, बोडनपाल-1, बड़े चकवा, रोतमा, सोनारपाल, पुजारीपारा कुंडगुडा और खड़का शामिल हुए एफ एल एन प्रभारी भरत साहू, संकुल प्राचार्य श्यामलाल नेताम, संकुल समन्वयक कृष्णा सिंह ठाकुर, योगेश कुमार बघेल और सभी संकुल के शिक्षक शिक्षिकाएं बैठक मे अपनी भागीदारी निभाई।

## नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों को मिला योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा दंतेवाड़ा जिले के कारली में स्थित सामुदायिक भवन पुराना हैनेक्स प्रिंटिंग यूनिट) में आज लोन वर्राटू घर वापसी अर्थात आत्म समर्पित एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के तहत विशेष

■ लोन वर्राटू के तहत कारली में हुआ विशेष सुविधा शिविर का आयोजन

सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन मुख्य सचिव के निर्देशानुसार कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय के मार्गदर्शन पर जिले में निवासरत आत्म समर्पित परिवार एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों को केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है।



इस कड़ी में उक्त सुविधा षिविर के अन्तर्गत समस्त विभाग जिसमें राजस्व, स्वास्थ्य,शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, महिला बाल विकास, क्रेडा, उद्योग, श्रम, कृषि, परिवहन, समाज कल्याण, कौशल विकास विभागों द्वारा इन परिवारों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जैसे अन्य महत्वपूर्ण विभागों के द्वारा योजनाओं के संबंध में शिविर लगाया गया। शिविर में इन विभागों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं को लेकर स्टॉल लगाए गये। जिसमें आत्म समर्पित एवं नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों के लिए अपना आधार कार्ड, बैंक से संबंधित खाते भी खुलवाए जा रहे हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा परिवारजनों का स्वास्थ्य जांच भी किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने मलेरिया डेंगू, सिकल सेल, एनीमिया जांच, एचआईवी, सुगर, टाइफाइड एवं अन्य जांच के साथ-साथ खान, पान, रहन-सहन एवं होने वाले बीमारियों का बचाव के संबंध में बारीकी से बताया गया।

इस दौरान शिविर में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने विभाग प्रमुखों से शिविर में आए आत्म समर्पित परिवार एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों के लगभग 157 परिवारों को केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ योजनाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताने की बात कही।

## विनोबा भावे ऐप ओपन लिंक्स फाउंडेशन के तहत शिक्षकों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर के मार्गदर्शन में शैक्षणिक उन्नयन के लिए आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत विनोबा ऐप यह ओपन लिंक्स फाउंडेशन की एक अभिनव पहल है, विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहां शिक्षकों के कार्यों की पहचान और सराहना होती है, यहाँ शिक्षक एक दुसरे के साथ कनेक्ट होते है, साथ ही विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है, और शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। इस में मुख्य रूप से शिक्षा में नवाचार, शिक्षकों के कार्य सरल करने के लिए, शैक्षणिक गतिविधियां सभी से साझा करने के लिए शेयर एंड लर्न, तथा शिक्षकों के नवनवीन उपक्रम, टीएलएम और शिक्षकों को शैक्षणिक सहायता तथा मार्गदर्शन मिलने के लिए विनोबा ऐप सहायक सिद्ध हुआ है। इसके अन्तर्गत हर महीने शिक्षकों के द्वारा पोस्ट किए गए उनके कार्य गतिविधियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से पहचान कर शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड जिला स्तर पर पांच शिक्षकों को दिया जाता है। इस में जिला एवं विकास खंड स्तर पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय विजेता शिक्षकों को उनकी रचनात्मक गतिविधियों के लिए जनप्रतिनिधि पार्षद विमला रावत सुमन ठाकुर, मनोज मालवीय और जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबस्ता तथा जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडीपीओ नेहा नाथ एवं आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के कार्यक्रम व्यवस्थापक भरत सिन्हा उपस्थित थे, इस तारतम्य में सभी सम्मानित जनों को जिला सहयोग अधिकारी सागर गजभिये द्वारा विनोबा कथावली भेंट दी गयी। इस सम्मान समारोह में जिला स्तरीय पोस्ट ऑफ द मन्थ माह जून, जुलाई एवं अगस्त के 15 विजेता शिक्षक, बोलेगा बचपन गतिविधि माह अगस्त के जिला स्तरीय 3 विजेता शिक्षक, दैनिक उपस्थिति में। ग्रेड विद्यालय माह अगस्त के जिला स्तरीय 3 विजेता विद्यालय, लीडर बोर्ड पर टॉप 3 संकुल के जिला स्तरीय 3 विजेता संकुल समन्वयक तथा दंतेवाड़ा विकासखण्ड स्तरीय पोस्ट ऑफ द मन्थ माह जुलाई एवं अगस्त के 3 विजेता शिक्षा इत्यादि को सम्मानित किया गया।

## मनरेगा के प्रोजेक्ट उन्नति अंतर्गत 37 मनरेगा श्रमिकों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

प्रोजेक्ट उन्नति के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष में 100 दिन पूर्ण किए 18 से 35 वर्षीय श्रमिकों को मछली पालन विषय पर 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी बीजापुर में प्रशिक्षण दिया गया है। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में 18 सितंबर से आयोजित इस प्रशिक्षण में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं अन्य विभागीय गरीबी उन्मूलन योजनाओं और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की गई। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि प्रोजेक्ट उन्नति परियोजना का मुख्य उद्देश्य बढ़ती हुई अर्थ व्यवस्था में अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर कौशल उन्नयन करना है ताकि आय का स्थायी साधन प्राप्त हो सकें। इस प्रशिक्षण में कुल 37 जाबकार्डधारी परिवार के श्रमिक आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त किएए जिन्हें धमतरी से आए मास्टर ट्रेनर अविलाश निषाद द्वारा मछली पालन की बारीकियों से अवगत कराया गया।

# भारतीय किसान संघ की तहसील इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

शीतला माता मंदिर प्रांगण गीदम में भारतीय किसान संघ की बैठक आहूत की गई। जिसमें भारतीय किसान संघ के तहसील स्तर पर नई कार्यकारिणी गठन किया गया। जिसमें जिले से

■ सर्व सहमति से जयदेव मरकाम बने अध्यक्ष

नियुक्त चुनाव अधिकारी बलीराम लेकाम एवं सहयोगी विजय तिवारी, अभिमन्यु सोनी, मधुसुदन ठाकुर, मुगड़ु कड़ती, मनकू लेकाम, नंदलाल राठोर, कुम्मा वेक, कमलोचन सेठिया, लोकनाथ चंद्राकर, शैलेश अटामी,के दिशा-निर्देशन में गठन प्रकिया सम्पन्न हुई। जिसमे अध्यक्ष जयदेव मरकाम, उपाध्यक्ष रतनू ठाकुर, मंत्री सुशील नेताम, सह मंत्री सुरेश लेकाम, युवा प्रमुख रूपा मुरामी, महिला प्रमुख चमंपा अटामी, प्रचार प्रमुख अभिनव तिवारी, बीज प्रमुख चंदन लेकाम, जैविक प्रमुख बलराम कुंजाम, जल प्रमुख लखमू कश्यप, सहकारिता



प्रमुख सोनकू राम सोढ़ी,बिजली प्रमुख कृष्णा यादव, विपड़न प्रमुख भीमसेन वेक, विधी प्रमुख महेश कड़ियाम, कार्यकारिणी सदस्य रामाराम कश्यप, बुधरू मंडावी, कमलेश वेक, महादेव ठाकुर, धनीराम यादव, बोसा जुर्री, को बनाया गया। गौरतलब है कि प्रांत के दिशा निर्देशानुसार आगामी दिनों में जिला कार्यकारिणी का भी गठन किया जाना है उसी क्रम में सभी तहसील स्तर तक संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सभी तहसीलों का गठन किया जा रहा है।

## एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला



**बस्तर।** बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केंद्र बस्तर द्वारा कार्यालय परिसर बस्तर में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीआर लाऊत्रे, प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बस्तर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ बी टी रेड्डी, वैज्ञानिक सी की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई। केंद्र प्रमुख डॉक्टर बीटी रेड्डी, वैज्ञानिक सी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किए। केन्द्र के टीएच सिद्धीकी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत कर बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र,केंद्रीय रेशम बोर्ड ,बस्तर द्वारा हिन्दी की गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि श्रीमान पी.आर लाऊत्रे द्वारा उपस्थित सदस्यों को हिन्दी भाषा में शब्दों के उच्चारण, व्याकरण, पत्र लेखन में होने वाली त्रुटियों आदि के बारे में विशेष रूप से बताया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय रेशम बोर्ड के अधिकारी कर्मचारियों में डा. बीटी रेड्डी, उर्मिला नाग, टीएच सिद्धीकी, जी गोपाल राव, शंकर लाल सहारे, सीपी पांडे, मोहित लाल चंदेल, सीपी तिवारी आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में केंद्र के गुरला गोपाल राव वरिष्ठ तकनीकी सहायक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## जावंगा के दिव्यांग बच्चे कौशल विकास, घुड़सवारी व टैलेंट शो में दिखाएंगे अपना जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम



नक्सलगढ़ के नाम से जाने जाना वाला दंतेवाड़ा जिला अब जिला प्रशासन के प्रयास से शिक्षा, स्वरोजगार, कौशल विकास, खेल, प्रतिभा के पथ पर अग्रसर है। जिले की छवि को विकास का नया आयाम देने में प्रशासन का अहम भूमिका निभा रहा है।

इसी कड़ी में जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन, एसडीएम दंतेवाड़ा व सह नोडल अधिकारी सक्षम जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में अटल बिहारी वाजपेयी एजुकेशन सिटी जावंगा में संचालित सक्षम दिव्यांग बच्चों के बाधारहित आवासीय विधालय के 30 बालक एवं 17 बालिका सहित कुल 47 छात्र छात्राओं द्वारा महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित राजस्थान के बीकानेर में 23वां स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया जायेगा। इन बच्चों के साथ 12 शिक्षक शिक्षिका ट्रेनर भी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर चयनित छात्र छात्राओं को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा शुभकामनाएं देते हुए इनके वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके अलावा सक्षम संस्था के ही 7 छात्र आगामी 05 व 06 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में सेना कार्यक्रम में घुड़सवारी खेल का प्रदर्शन करेंगे। इस संस्था की अन्य उपलब्धि के तहत जम्मू कश्मीर राज्य में आयोजित दिव्यांग बच्चों के लिए राष्ट्रीय टैलेंट शो हम भी किसी से कम नहीं में भी सक्षम के दृष्टिबाधित छात्र मास्टर अंजन का गायन में व सीमा, सिमरन, महिमा एवं पूनम का चयन नृत्य विधा के अन्तर्गत हुआ है। इन बच्चो की रवानगी के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने बच्चों के मनोबल और हौसले को प्रोत्साहन दिया।

# शालाओं का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



खण्ड शिक्षा अधिकारी लोकनाथ नाग विकास खण्ड बस्तर के निर्देशानुसार संकुल रतेंगा, सुधापाल और घोटिया के शालाओं में संकुल समन्वयकों के द्वारा औचक निरीक्षण गत दिवस किया गया। शालाओं में देर से आने वाले शिक्षक और अनुपस्थित शिक्षकों की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को दी गई। समन्वयकों द्वारा शालाओं में कई बिंदुओं शालाओं की साफ-सफाई, शौचालय की साफ-सफाई, मध्यान भोजन की गुणवत्ता, शिक्षा का स्तर, स्कूलों में प्रिंट रीच वातावरण, बहु भाषा शिक्षण के अंतर्गत अध्यापन कार्य, पोषण वाटिका का निर्माण आदि बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा देर से आने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं और अनुपस्थित शिक्षक- शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने और संतोषप्रद जवाब न मिलने पर वेतन रोकने की बात कही। शालाओं का औचक निरीक्षण लगातार सभी संकुलों में जारी रहेगा।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पैरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सांसद बने विज्ञान प्रौद्योगिकी, वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन के सदस्य



**जगदलपुर।** संसद की स्थायी समितियों का गठन हो गया है गुरुवार को घोषित 24 संसदीय स्थायी समितियों में से बस्तर सांसद महेश कश्यप को विज्ञान प्रौद्योगिकी, वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन में सदस्य बनाया गया है। इस समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर कलिता को बनाया गया है। समिति में राज्यसभा के 8 व लोकसभा से 20 सदस्य बनाये गए है। संसदीय समितियों का पुनर्गठन हर आम चुनाव के बाद किया जाता है क्योंकि समितियों के सदस्यों का संसद के मौजूदा सदस्य (सांसद) होना जरूरी है।

### वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर को

**जगदलपुर।** आस्था निकुंज वृद्धाश्रम धरमपुरा में 1 अक्टूबर को वरिष्ठजनों की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाएगा। जहां समाजसेवी वृद्धजनों का सम्मान कर उन्हें जरूरत के सामान प्रदान करेंगे।

### व्यापमं की प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा स्थगित

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 29 सितम्बर 2024 को उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर के अंतर्गत प्रयोगशाला तकनीशियन पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन पूर्वान्ह में किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया गया है। परीक्षा नियंत्रक छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार अब उक्त भर्ती परीक्षा का आयोजन आगामी 6 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 2 बजे से 4.15 बजे तक किया जाएगा।

### कलेक्टर ने लाला जगदलपुरी लायब्रेरी का किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** कलेक्टर हरीस एस. ने शुक्रवार को शहर के मध्य में अवस्थित लाला जगदलपुरी सेन्ट्रल लायब्रेरी का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने उक्त सेन्ट्रल लायब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उत्कृष्ट पुस्तकों की उपलब्धता, पत्रिकाओं की सुलभता तथा ऑनलाइन अध्ययन की व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी ली और युवाओं के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराए जाने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने यहां पर भविष्य की संभावनाओं के मद्देनजर सेन्ट्रल लायब्रेरी को अपडेट किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अखिलेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## उप मुख्यमंत्री ने की लोक निर्माण विभाग के प्रगतिरत व संधारण कार्यों की समीक्षा

# बस्तर की जनता की आवश्यकता के लिए करें बेहतर काम : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि अपनी नैसर्गिक सौंदर्य, अकूत वन एवं खनिज संपदा, पर्यटन स्थलों एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण बस्तर छत्तीसगढ़ के लिए ही नहीं अपितु देश के लिए भी महत्वपूर्ण इलाका है।

■ निर्धारित समय-सीमा में तकनीकी मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य करने पर बल

छत्तीसगढ़ और देश को अग्रणी बनाना है तो इसका रास्ता बस्तर से ही जाएगा। इसे मद्देनजर रखकर बस्तर की विपरीत परिस्थितियों एवं चुनौतियों के बावजूद यहां की जनता की आवश्यकता के लिए बेहतर काम करें। उक्त बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने शनिवार को एक दिवसीय बस्तर प्रवास पर कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण बस्तर जोन जगदलपुर में लोक निर्माण विभाग के बस्तर संभाग अंतर्गत प्रगतिरत एवं संधारण कार्यों की विस्तृत समीक्षा के दौरान कही।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यों को निर्धारित समयावधि में तकनीकी मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तायुक्त सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के भवन एवं सड़क, विद्युत एवं यांत्रिकी और सेतु निर्माण के सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए




कहा कि निर्माण कार्यों को समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने स्वयं सिस्टम बनाएं और हर दिन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर काम करेंगे तो नतीजे उत्साहजनक हासिल होंगे। आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग कर कार्यों की मॉनिटरिंग करें तथा समय पर तकनीकी मापदंड एवं गुणवत्तायुक्त काम पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित करें। बैठक में सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. कमलप्रीत सिंह ने सड़क निर्माण के दौरान सड़क सुरक्षा सम्बन्धी तकनीकी मापदंडों को सुनिश्चित किए जाने पर बल देते हुए डीपीआर में सम्मिलित तकनीकी प्रावधानों का अनुपालन आवश्यक रूप से करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे सहित विद्युत एवं यांत्रिकी, सेतु एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य अभियंता, जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम एवं कांकेर वृत्त के अधीक्षण अभियंता संजय सूर्यवंशी, कार्यपालन अभियंता, एसडीओ और विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

### टीम भावना के साथ निर्माण कार्य करें

बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता केके पिपरी ने शासन की मंशानुरूप बस्तर अंचल में सड़क एवं भवन सम्बन्धी अधोसंरचना विकास को सुनिश्चित करने के लिए आश्वस्त किया और आगामी दिनों में पूरी टीम भावना के साथ निर्माण कार्यों को संचालित किए जाने के लिए विभागीय अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। बैठक आरआरपी प्रथम एवं द्वितीय फेस, आरसीपीएलडब्ल्यूई प्रथम एवं द्वितीय फेस, नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण, छत्तीसगढ़ राज्य सड़क विकास अभिकरण के कार्यों सहित राज्य बजटीय कार्यों तथा वर्षा ऋतु उपरांत भवनों एवं सड़कों का संधारण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## फीडरों व लाइनों का किया सुधार, बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दीपावली पूर्व फीडरों एवं लाईनों का मेंटनेंस में शनिवार को शहर के बस्तर हाई स्कुल, ईतवारी बाजार, संजय मार्केट, पैलेस रोड, गोल बाजार, जैन मंदिर रोड, मेन रोड, प्रतापगंज पारा, हाथा ग्राउण्ड, गीदम रोड, बहादुरगुड़ा, राजेन्द्र नगर वार्ड, गंगामुंडा, नयापारा, बैलाबाजार, दंतेश्वरी वार्ड, राउतपारा, केवटपारा, अनुपमा चौक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, गांधी नगर वार्ड, नया बस स्टैण्ड रोड, शीतला होटल के पीछे क्षेत्र अलसेन चौक की बिजली बंद रही।

विद्युत कंपनी जगदलपुर संभाग (शहरीय) के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बताया कि मेंटनेंस में सोमवार को इंडस्ट्रीयल एरिया, नयामुंडा, होटल अथिति, बीएसएनएल ऑफिस, तिरंगा चौक, रैन बसेरा, साई मंदिर, मिशन स्कूल, साई बाबा लेआउट कॉलोनी, बृजराज नगर, सॉई कालोनी, अटल आवास, नया



हाउसिंग बोर्ड कालोनी आदि में बिजली बंद रहेगी।

### निराकरण होने की संभावना

उपभोक्ताओं ने बताया कि नए कार्यपालन अभियंता के इस मेंटनेंस से बार-बार बिजली बंद होने की समस्या का निराकरण होने की संभावना है। क्योंकि दिन भर में 4-5 बार बिजली बंद होने से लोग परेशान रहे।

## विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति विभाग, शासकीय दंतेश्वरी पीजी महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय पर्यटन एवं शांति था।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीषधर दीवान एवं डॉ. हेमलता मिंज ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रथम चरण में विभाग की छात्रा कुमारी दक्षिता राठौड़ ने स्वागत कर विश्व पर्यटन संगठन



की स्थापना एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विभाग की छात्रा सुबती नाग, निहारिका, फूलमती, ललिता ने बस्तर के प्रमुख पर्यटन केंद्र पर अपना व्याख्यान दिया। दूसरे चरण में डॉ. श्यामाचरण ने पर्यटन और शांति पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य डॉ योगेन्द्र मोतीलाल ने पर्यटन से सम्बंधित विषयों पर अनुभव साझा किये। डॉ. हेमलता मिंज ने आभार माना। इस दौरान डॉ. श्यामाचरण, सुश्री ज्योति, शबाना बेगम, डॉ. तृप्ति खनंग, डॉ. सीमा कार्ला, सुश्री पद्मिनी ठाकुर, सुश्री भाग्यलक्ष्मी ठाकुर, डॉ. बिन्दु साहू एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## स्वच्छता रैली निकालकर बच्चों ने दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत भांसी के बालक आवासीय पोटाकेबिन के छात्र, छात्राएं एवं आसपास के ग्रामीणों के साथ स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे 600 बच्चों और ग्रामीणों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त शाला के शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस पहल का प्रारम्भ परियोजना प्रमुख बी. वेंकटेस्वरलु के मार्गदर्शन से की गयी। संचालन सीएसआर व कार्मिक विभाग द्वारा किया गया। अभियान के अंतर्गत



सीएसआर विभाग, बचेली द्वारा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ रहने से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र आचार्य महाप्रबंधक (कार्मिक) सीएसआर व राकेश रंजन सहायक महाप्रबंधक एनएमडीसी, बचेली द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया।

आसपास साफ सफाई रखने किया प्रेरित

## विभिन्न गांवों में चलाया साफ-सफाई अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वनमण्डल अंतर्गत वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के नेतृत्व में वनप्रबंधन समितियों एवम स्टाफ के माध्यम से समस्त परिक्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा कैंपेन के तहत तालाबों (वेटलैंड) के किनारे सफाई अभियान चलाया गया तथा लोगों को अपने आसपास साफ सफाई रखने हेतु प्रेरित किया गया। वन परिक्षेत्र भानपुरी (सामान्य) परिसर तुरपुरा स्टॉफ एवं वन प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ वेटलैंड में स्वच्छता ही सेवा केम्पेन के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया। वन परिक्षेत्र करपावण्ड के समस्त स्टाफ एवं जनप्रतिनिधियों ने सतोषा, छिंदगांव वेटलैंड में स्वच्छता ही सेवा कैंपेन के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई किया। स्वच्छता ही सेवा कैंपेन के तहत आद्रभूमि स्वच्छता अभियान वन परिक्षेत्र चित्रकोट उप परिक्षेत्र कोड़ेनार में तोकापाल, आरापुर, एरंडवाल, रायकोट, नैनमुर के स्व-सहायता समूह महिलाओं, ग्रामीणों उपस्थिति अभियान चलाया गया। साथ ही गोडियापाल कदममुन्डा तालाब में सफाई कार्य किया। इस कार्य में डीएफओ सहित एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश रात्रे, परिक्षेत्र अधिकारी आदि शामिल रहे।

## मेहनत और समर्पण से मिलती है सफलता: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम के तहत प्रेरणादायक उद्बोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य तय कर उसे मेहनत और समर्पण से प्राप्त करने का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे लगातार प्रयासरत रहने से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। डीएसपी रेडियो विवेक राठौर ने छात्रों को बताया कि लक्ष्य चाहे जितना भी



बड़ा क्यों न हो, उसे हासिल करने के लिए धैर्य और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि वे पहले जी.ई.सी. बिलासपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स के सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्य कर चुके हैं, जिससे छात्रों को प्रेरणा मिली। डी.एसपी सायबर गीतिका साहू ने छात्राओं को बताया कि जीवन में आने वाली चुनौतियों से घबराए बिना, धैर्य और हिम्मत से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ना चाहिए। आत्मनिर्भरता और कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने छात्राओं को भविष्य के लिए तैयार होने की सलाह दी। इस दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. जीपी खरे, भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एचएल विश्वकर्मा, कार्यक्रम समन्वयक अशोक कुमार यादव, सह-समन्वयक दनुज कुमार मरकाम और अन्य संकाय सदस्य एवं स्टाफ उपस्थित थे। अंत में प्रभारी प्राचार्य ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।




## क्रमोन्नत-समयमान वेतनमान के लिए आवेदन का लगा ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश व्यापी अभियान के तहत बस्तर जिले के सहायक शिक्षक, शिक्षक तथा व्याख्याताओं के द्वारा 26 सितम्बर को पंचायत विभाग तथा शिक्षा विभाग कार्यालय में समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति का लाभ दिए जाने के लिए हजारों की संख्या में आवेदन सौंपे गये। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा विभाग ने पूर्व में ही रिवाइज्ड एलपीसी जारी करने पत्र लिखा था। पंचायत, नगरीय निकाय व शिक्षा विभाग अपने हिस्से की राशि समायोजित कर शिक्षक संवर्ग को उनके स्वत्वों का भुगतान करना चाहिए। अभियान में सोना साहू प्रकरण को आधार मानते हुए शिक्षकों ने व्यक्तिगत रूप से अपने नियोक्ता व सम्बंधित बीईओ, डीईओ व सीईओ कार्यालय में आवेदन सौंपे हैं। इसी क्रम में टीचर्स एसोशिएशन ने शिक्षक संवर्ग के हितों को देखते हुए लंबे समय से एक ही पद पर 10 वर्ष और 20 वर्ष पूर्ण कर चुके कर्मचारियों के क्रमोन्नत समयमान वेतनमान के अभियान पर जिले के सभी सातों विकास खण्ड में बीईओ, सीईओ, डीईओ तथा जेडी कार्यालय में हजारों सहायक शिक्षक, शिक्षक और व्याख्याताओं ने निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन जमा किये।

## गरबा रास के नाम पर फूहड़ता बर्दास्त नहीं, होगा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सक्षम जिला अध्यक्ष भागीरथी प्रसाद मौर्य ने जारी बयान में बताया कि 3 अक्टूबर से नवरात्री दशहरा पर्व प्रारम्भ हो रहा है। जो हिन्दुओं के सबसे बड़े पर्व में से एक है। दुर्गा पूजा, नवरात्री में देश के कोने कोने में गरबा का आयोजन किया जाता है। हिन्दू धर्म में ये मान्यता है कि गरबा नृत्य माता को प्रिय है। इसलिए उन्हें प्रसन्न करने के लिए नवरात्री में गरबा का आयोजन किया जाता है। यह हिन्दुओं का आयोजन है और इसे हिन्दुओं का ही बने रहने दिया जाए। सक्षम के लोगों ने मांग की है कि बस्तर जिले में जहां भी गरबा नृत्य का आयोजन किया जा रहा है वह पूर्ण रूप से सनातन संस्कृति के आधार पर हो, फूहड़ता ना परोसा जाए, गरबा



नृत्य को लड़के लड़कियों के नाच का मंच नहीं बनाने दिया जाएगा और गरबा से पूर्व मातारानी की आरती कर पुरे सनातन रीति रिवाज से माथे पर तिलक लगाकर गरबा नृत्य होना चाहिये। अन्यथा सक्षम इस प्रकार के अश्लीलता को बर्दास्त नहीं करेगा और गरबा के नाम पर अभद्रता व धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले समिति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएंगे और आयोजन को तत्काल बंद करवा दिया जाएगा।

